प्रदेश में लॉजिस्टिक पार्क, फार्मा, खाद्य प्रसंस्करण, रेलवे वेगन निर्माण और पीवीसी केंद्रित इकाइयों की स्थापना के प्रस्ताव

चर्चा में क्यों?

24 जुलाई, 2023 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से फार्मालॉजिस्टिक पार्क, खाद्य प्र-संस्करण, आयरन एंड स्टील तथा प्लास्टिक के क्षेत्र में कार्यरत उद्योग समूहों ने मंत्रालय में भेंट कर प्रदेश में निवेश और इकाइयों के विस्तार के संबंध में चर्चा की।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से टीवीएस इंडस्ट्रीज एंड लॉजिस्टिक्स पार्क के सीईओ रामनाथ सुब्रमण्यम और रीजनल हेड कुशल मोतियानी ने देवास और पीथमपुर में 250 करोड़ रुपए की लागत से इंडस्ट्रियल व लॉजिस्टिक्स पार्क स्थापित करने के प्रस्ताव पर चर्चा की। पार्क से लगभग 1000 लोगों के लिये रोज़गार के अवसर सृजित होंगे।
- प्रदेश में फार्मा क्षेत्र में 1300 करोड़ रुपए की लागत से तीन इकाइयाँ स्थापित कर चुकी इप्का लेबोरेट्रीज के मैनेजिंग डायरेक्टर अजित कुमार जैन ने मुख्यमंत्री से भेंट कर देवास में 470 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित हो रही फार्मा इकाई के बारे में बातचीत की। इस इकाई में लगभग 700 लोगों को रोज़गार मिलेगा।
- मुख्यमंत्री से सात्त्विक एग्रो प्रोसेसिंग के नीलेश गर्ग और माणिक गर्ग ने मुरैना ज़िले के सीतापुर में नई खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के संबंध में चर्चा की। सात्त्विक एग्रो 284 करोड़ रुपए के शुरुआती निवेश के साथ एक लाख 44 हज़ार मीट्रिक टन की उत्पादन क्षमता के साथ नई इकाई स्थापित कर रही है। कंपनी द्वारा इसके लिये भूमि अधिग्रहण कर लिया गया है।
- सर्वा फोम के कुणाल ज्ञानी रायसेन ज़िले के तामोट प्लास्टिक पार्क में 100 करोड़ रुपए के निवेश के साथ रबिंडेड फोम और पालयिरेथेन फोम के लिये बुनियादी कच्चा माल बनाने की इकाई की स्थापना के प्रस्ताव और अपेक्षाओं पर चर्चा की।
- मुख्यमंत्री से हिंदुस्तान अरबन इंफ्रा-स्ट्रक्चर के राघवेंद्र मोदी ने मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में 500 करोड़ के निवेश और लगभग 1000 लोगों को रोज़गार देने की क्षमता रखने वाली रेलवे वेगन निर्माण इकाई स्थापित करने के संबंध में बातचीत की।
- इसी क्रम में बैरलोकर इंडिया एडिटिव्स के ज्येन मोदी और श्री अंकुर कुमार ने देवास में 316 करोड़ रुपए के निवेश से पीवीसी स्टेबलाइजर इकाई की स्थापना पर बातचीत की। इकाई से लगभग 150 लोगों को रोज़गार मिलेगा।

[//](https://www.drishtiias.com/hindi/images/uploads/1656505050_image5.jpg)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/proposals-for-establishment-of-various-units-in-the-state